## सार-समाचार

### मिनी सचिवालय के बाहर धरने पर बैठे

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक दर्जन से अधिक लोग मिनी सचिवालय के बाहर धरने पर बैठ गए। धरनार्थियों ने नगर परिषद क्षेत्र में फैली अव्यवस्थाओं के समाधान की मांग की है। हाडोत्या कॉलोनी वार्ड 15 के जितेन्द्र शर्मा, पूर्व पार्षद राजेश जैमिनी, रविकांत मिश्रा, जरीना बानो और पार्षद महबूब ने प्रशासन को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे बडा आंदोलन करेंगे। धरनार्थियों ने बताया कि इससे पहले उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन देकर शहर की समस्याओं से अवगत कराया था। लेकिन प्रशासन ने उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया। इसलिए मजबूर होकर उन्हें धरने पर बैठना पडा। शिकायतों में बताया गया कि नलों से पीला, गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है। निर्माण कार्यों में ठेकेदार सीमेंट, रेत और गिट्टी को निजी स्थानों पर मिलाकर लाते हैं। इससे सामग्री की गुणवत्ता का पता नहीं चलता। सडकें एक-दो महीने में ही टूट जाती हैं। धरनार्थियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदारों के बिल बिना जांच के बन रहे हैं और भुगतान भी हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि पिछले छह माह में बनी सभी सडकों की गुणवत्ता की जांच पीडब्ल्यूडी से विश्वस्तरीय लैब में करवाई जाए। दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए। सीवरेज कार्य के कारण सडकों को चारों तरफ से तोड दिया गया है। मरम्मत अधूरी है और जगह-जगह गंदगी फैली है। शहर की अधिकतर रोड लाइटें बंद पडी हैं। नालों की सफाई के नाम पर लाखों के टेंडर हुए, लेकिन सफाई नहीं हुई। धरने में जितेन्द्र शर्मा, पूर्व पार्षद एडवोकेट राजेश जैमिनी, रविकांत मिश्रा, जाकिर अली, जरीना बानो, पार्षद महबूब, यासीन खान, वसीम, आसिफ, फिरोज खान, लोकेश मीणा, राजेश शर्मा, रसीद खां, मुराद अली, अनवर खान, सलीम, इब्राहिम, मोनू खान, मंजूर, राजेश गुप्ता, शिवसिंह आदि मौजूद थे।

### स्काउट गाइड ने किया वृक्षारोपण

**करौली**, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश में स्काउट गाइड द्वारा राजस्थान सरकार के हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड़ मां के नाम श्रीराम बाजपेई की जयंती पर राजस्थान प्रदेश में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस दौरान करौली जिले में वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि विश्वेंद्र सिंह, सांसद प्रत्याशी इंदु देवी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम,मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा इंद्रेश तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक शिक्षा पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीमा जादौन तथा अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रजनी गोयल ने वृक्षारोपण कर जिले में वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की। सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट ब गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार संपूर्ण राजस्थान प्रदेश में विद्यालय महाविद्यालय स्तर ठ्रुप स्तर स्थानीय संघ स्तर जिला स्तर पर राजस्थान सरकार के हरियालो राजस्थान अभियान के तहत स्काउट गाइड द्वारा एक पेड़ मां के नाम लगाया जा रहा है जिसका जिले में शुभारंभ करते हुए विधायक प्रतिनिधि विश्वेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि पेड लगाना अत्यंत पुनीत कार्य है प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम पांच पांच पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीणा ने कहा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में स्काउट गाइड करौली जिले में सराहनीय कार्य कर रहे हैं उन्होंने कहा की लगाऐ गऐ पेडों की सुरक्षा भी करें। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने सहजन का पेड लगाते हुए कहा कि पेड़ों का पुराणों में अत्यधिक महत्व है पेड़ हमारे लिए पूजनीय है स्काउट गाइड अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

### गणेश महोत्सव समिति की बैठक कल

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। गणेश महोत्सव सेवा समिति के तत्वाधान में श्री गणेश महोत्सव के 25 वर्षपूर्ण होने पर अबकी बार कार्यक्रम एव शोभायात्रा को भव्यता के साथ आयोजित करने के लिए 13 अगस्त बुधवार को शाम 6 बजे भगवती पैलेस में शहर के सभी प्रबुधजनो, सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनो की बैठक का आयोजन किया जायेगा। समिति संरक्षक अशोक चौधरी ने बताया कि बैठक में गणेश महोत्सव को भव्यता से मनाने के लिए सभी सुझाव व विचार लेकर कार्ययोजना तेयारी की जायेगी। उन्होने शहर के सभी सामाजिक, व्यापारिक एवं धार्मिक संगठनो से बैठक में भगा लेने की अपील की है।

# विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

**भरतपुर** (निस)। नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सोमवार को नगर निगम में विभिन्न विकास योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किये। कार्यक्रम के दौरान हर घर तिरंगा एवं हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत तैयार पोस्टर का विमोचन किया । उन्होंने हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान की हस्ताक्षर कर शुभारंभ किया।




भरतपुर में नगरीय विकास मंत्री ने नगर निगम में विभिन्न विकास योजनाओं का किया लोकार्पण।

भरतपुर दौरे पर आए नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने नगर निगम पहुंच कर विभिन्न विकास कार्यों और के लोकार्पण एवं शिलान्यास किये। कार्यक्रम में पहुंचने पर मंत्री झाबर सिंह खर्रा का नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई, सचिव एवं आरओ ने स्वागत सम्मान किया। जिसके बाद मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आरयूआईडीपी फेज सेकंड के तहत संचालित प्रोजेक्ट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत हो रहे कार्य, भरतपुर मास्टर ड्रेनेज प्रोजेक्ट के तहत चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली।

जिसके बाद गंगा मंदिर पार्किंग एवं जनाना अस्पताल में 42 लाख 48 हजार की लागत से बनाए पिंक टॉयलेट का लोकार्पण, रेलवे स्टेशन के पास एवं लक्ष्मण मंदिर के पास 67 लाख 47 हजार रूपए लागत से बने सार्वजनिक सुलभ शौचालय का लोकार्पण एवं 16 करोड की लागत से होने वाले पुरानी मेन सीवरेज ट्रंक लाइन का उच्च तकनीक से रिपेयर एवं रेक्टिफिकेशन कार्य का शिलान्यास किया। जिसके बाद मंत्री ने हर घर तिरंगा एवं हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत तैयार पोस्टर का विमोचन किया एवं हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान की हस्ताक्षर कर शुरूआत की। कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर निगम प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को चेक प्रदान किए। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, सचिव नगर निगम विजयप्रताप, गिरधार तिवारी, शैलेश कौशिक, समाजसेवी यश अठावाल, रूपेन्द्र सिंह, इन्द्रजीत सहित नगर निगम के अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली 51 मीटर की तिरंगा यात्रा

**हिंडौन सिटी**। भाजपा शहर मंडल की ओर से सोमवार को भव्य तिरंगा रैली निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया गया। करीब दो किलोमीटर लंबी इस यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य लोग हाथों में तिरंगा लहराते हुए शामिल हुए। यात्रा की विशेष आकर्षण 51 मीटर लंबा तिरंगा ध्वज रहा, जो लोगों में उत्साह का केंद्र बना।



भाजपा कार्यकर्ताओं ने 51 मीटर की तिरंगा यात्रा निकाली।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मंडावरा रोड से हुआ, जो विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए बयाना रोड स्थित टीकाकुंड हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई। मार्ग में कई स्थानों पर विभिन्न संगठनों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। डीजे पर बजते देशभक्ति गीतों के बीच कार्यकर्ताओं के हाथों में लहराते तिरंगे ने पूरे माहौल को देशप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी, दिलीप गुप्ता, सतेन्द्र चौधरी, गोपाल गुर्जर, महेंद्र मीणा, तेजसिंह जमालपुर, सतपाल चौधरी, चरण सोलंकी, ओमप्रकाश गुप्ता ढिंढोरा, सम्पत कोली, दिनेश सैनी, गिर्राज मित्तल, ज्योति सहारिया, बलवीर चतुर्वेदी, राधामोहन पाठक, जुगल चतुर्वेदी, अजय मित्तल, गजेंद्र राजपूत, गोपाल जांगिड़, पिंटू शर्मा, अल्लानूर, अमित पंजाबी, भूपेंद्र गुर्जर, सचिन बैंसला, गौरव चतुर्वेदी, बिजेंद्र धाकड़, सोन्टू गोयल, केशू हरसाना, लाडम सोलंकी, हाकिम गुर्जर, राजीव, महेंद्र जाट, सुरेंद्र जाटव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वच्छता का संकल्प दिलाया

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। नगर परिषद ने रक्षाबंधन पर एक अनूठी पहल की है। परिषद ने हर घर तिरंगा और हर घर स्वच्छता अभियान के तहत परंपरागत राखी की जगह स्वच्छता सूत्र का उपयोग किया। नगर परिषद की टीम ने स्कूलों, वार्डों और चौराहों पर यह विशेष स्वच्छता सूत्र पहनाया। सूत्र पहनने के बाद सभी ने स्वच्छता का संकल्प लिया। लोगों ने शहर और देश को स्वच्छ रखने का वचन दिया। उन्होंने अपने घर और वार्ड में गंदगी न करने और दूसरों को भी ऐसा न करने देने की प्रतिज्ञा ली। नागरिकों ने कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालने और केवल कचरा गाडी में फेंकने का संकल्प लिया। साथ ही पॉलिथीन के उपयोग को छोडकर कपडे के थैले का इस्तेमाल करने का वादा किया। सहायक अभियंता तरुण जैन के अनुसार, हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।

## सार-समाचार

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। थाना बाटोदा क्षेत्र में 6 वर्षीय बच्चे की हत्या का मामला सात दिन में सुलझ गया है। पुलिस ने जीवद गांव के नरेन्द्र मीना उर्फ रामकिशोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बच्चे से कुकर्म के बाद हत्या करना स्वीकार किया है। बच्चे के माता-पिता 3 अगस्त को सपोटरा गए थे। शाम को लौटने पर बच्चा घर पर नहीं मिला। अगले दिन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। उसी शाम गांव के तालाब के पास बच्चे का शव मिला। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी खुद को परीत बाबा का भगत बताता है। वह जादू-टोना करने का दावा करता है। घटना वाले दिन उसने बच्चे को अकेला देखकर चॉकलेट का लालच देकर तालाब के पास ले गया। वहां पेड-पौधों की आड में कुकर्म किया। बच्चे के चिल्लाने पर डर के मारे उसे तालाब में फेंक दिया, जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। जांच में यह भी पता चला कि आरोपी एक महीने से पीडति परिवार के संपर्क में था। वह बच्चों को चीजें और पैसे देता था। घटना वाले दिन उसने सुबह फोन कर पता किया कि माता-पिता घर पर नहीं हैं। इसके बाद दोपहर में वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 137(2), 1०3(1) बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसआईयूसीएडब्ल्यू सवाई माधोपुर ओमप्रकाश, वृत्ताधिकारी सीताराम मीना, थानाधिकारी यशपाल सिंह, कॉन्स्टेबल विजेन्द्र सिंह, धर्मवीर सिंह, रामवीर सिंह और भजनलाल की भूमिका रही।

### सवारी गाड़ी से महिला की मौत

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। रविवार देर शाम रेलवे स्टेशन पर मथुरा-सवाईमाधोपुर पैसेंजर ट्रेन से टकराकर एक महिला की मौत हो गई। यह हादसा प्लेटफॉर्म नंबर दो व तीन के बीच हुआ। महिला प्लेटफॉर्म नंबर दो पर जाने के लिए रेलवे लाइन पार कर रही थी। इसी दौरान मथुरा की ओर से आ रही ट्रेन से वह टकरा गई। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्टेशन पर लोगों की भीड जमा हो गई। स्टेशन उप अधीक्षक ने तुरंत राजकीय रेलवे पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को गंगापुरसिटी के राजकीय जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। सोमवार सुबह फेसबुक पर मृतका की फोटो वायरल होने के बाद उसकी पहचान हुई। फोटो देखकर महिला के पति और रिश्तेदार अस्पताल पहुंचे। मृतका की पहचान मायावती (29) पत्नी भगवानसिंह निवासी सालोदा मोड, गंगापुरसिटी के रूप में हुई। जीआरपी थाना प्रभारी दलवीरसिंह ने बताया कि मायावती मानसिक रूप से कमजोर थी। उसका इलाज गंगापुरसिटी में चल रहा था। उसके तीन बच्चे हैं। वह अक्सर बिना बताए घर से चली जाती थी। रविवार को भी परिजनों ने उसे आसपास देखा था, लेकिन वह नहीं मिली। सोमवार को फेसबुक पर फोटो देखकर पति ने उसकी पहचान की। पुलिस ने अस्पताल ले जाकर पहचान की पुष्टि कराई। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### भाजपा बाइक तिरंगा रैली आज

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र ीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 79 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में संपूर्ण प्रदेश में मंडल स्तर पर भव्य तिरंगा यात्रा एवं राष्ट्र विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा जिला सह मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि उक्त कार्यक्रमों के अंतर्गत भव्य बाइक तिरंगा रैली का आयोजन भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा जयपुर बाईपास स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर से आज मंगलवार को प्रातः 1० बजे से शीतला माता रोड, ट्रक यूनियन होते हुए ईदगाह मोड से सीधे जयपुर बाईपास स्थित जिलाध्यक्ष निवास पर समापन किया जाएगा। उक्त बाइक तिरंगा रैली के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर होंगे। भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनीता वैष्णव एवं कार्यक्रम मंडल संयोजक महेंद्र मीणा, सहसंयोजक रामभरोसी वैष्णव, हरकेश गुर्जर द्वारा ग्रामीण मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया गया है।

### कन्हैया दंगल का आयोजन

**हिण्डौन ग्रामीण**। विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को क्षेत्रीय ठाम पंचायत गांवड़ा मीना की अठांई पर भव्य कन्हैया दंगल का आयोजन हुआ। दंगल में गांव उदेई गंगापुर, पहाड़ी दीपपुरा, करौली और मेजबान गांवड़ा मीना की जोठों ने आदिवासी संस्कृति को दर्शाती मनमोहक रचनाएं प्रस्तुत कीं, जिन्हें सुनकर उपस्थित श्रोता भावविभोर हो गए।जगरोटी क्षेत्र के दर्जनों गांवों से आए लोगों ने आदिवासी लोक गीतों का आनंद लिया। आदिवासी हेमराज जगरबाड़ ने बताया कि 9 अगस्त से शुरू हुए महोत्सव के अंतर्गत अट्ठाईसा के प्रत्येक गांव में सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गांवड़ा मीना का कन्हैया दंगल भी इसी श्रृंखला का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महोत्सव के पहले दिन सभी गांवों में वृक्षारोपण किया गया, क्योंकि जंगल आदिवासियों की पुश्तैनी धरोहर हैं और उनका संरक्षण आवश्यक है। आगामी सप्ताहभर महोत्सव में आदिवासियों के रहन-सहन, खानपान, गायन शैली, कला और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजन के दौरान जगरबाड़ गोत्र के 12 गांवों के पंच-पटेल मौजूद रहे। सरपंच कैलाश मीणा, बटुआ पटेल, झब्बू पटेल, टोडूपुरा के प्रकाश भंडू पटेल, शिवचरण मास्टर, दर्शन, हेमसिंह, सरजू, सिंटू सहित कई लोग शामिल हुए। मेजबान गांवड़ा मीना की जोठ के मीडिया रघुवीर ने 'सलोचना के जीवन' पर प्रस्तुति दी, जबकि रतिराम माचीवाल ने पारस ऋषि की रचना लोकगीत के रूप में सुनाई।

### प्रतियोगिता में कनिष्का व तन्मई विजेता

**भरतपुर**, (निस)। भरतपुर में जवाहर नगर स्थित होली मदर पब्लिक स्कूल में क्या वोट देने की उम्र कम कर 15 वर्ष कर देनी चाहिए या नही? विषय पर वाद-विवाद का आयोजन किया गया। संस्था के सचिव जेम्स एन्थौनी ने बताया कि विद्यार्थियों के बीच तार्किक शक्ति को बढावा देने के उद्देश्य से विद्यालय में निरन्तर इस प्रकार के प्रतियोगिता व कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। आज के इस प्रतियोगिता में पूर्व आर0डी0 गर्ल्स पी0जी कॉलेज की प्रधानाचार्या लता शर्मा व दिशा फाउन्डेशन की निदेशिका व प्रमुख समाज सेविका शालू हैम्ब्रम ने निर्णायको की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के आरम्भ में निर्णायको को विद्यालय की अध्यापिक लक्ष्मी शर्मा, एकता जादौन, सीमा कुमारी, व सुनीता जैन ने दोनो निर्णायको को माला व शॉल पहनाकर स्वागत किया।

# भर्तृहरि महाराज की 15वी पदयात्रा रवाना

**करौली**, (निसं)। सोमवार को मां जगदंबा मंदिर तीन बड़ करौली से भर्तृहरि महाराज की निःशुल्क पदयात्रा धर्म ध्वज एवं रथ पूजन के बाद रवाना हुई।भर्तृहरि भक्त मंडल पद यात्रा करौली के अध्यक्ष भूरीलाल प्रजापति एवं दक्ष प्रजापति विकास संस्थान संरक्षक रामेश्वर ठेकेदार ने यात्रा में सहयोग देने वाले भामाशाहों का माला साफा और भगवा दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया।

इस दौरान यात्रा में महिला पुरुष भर्तृहरि महाराज के जय करे लगाते एवं डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए तीन बड़ करौली से रवाना हुए। रथ व्यवस्था में प्रेमसिंह बझेड़ा,एवं झंडा पति पप्पू प्रजापति पाराशरी धर्म ध्वज को लेकर चल रहे। यात्रा को रामेश्वर ठेकेदार संरक्षक दक्ष प्रजापति विकास संस्थान करौली एवं भावली सरपंच जयप्रकाश रामरूप डायरेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान भूरीलाल प्रजापति ने बताया कि भामाशाहों प्रमुख रूप से दिलीप एवं राजेश प्रजापत बमनपुरा,जयप्रकाश सरपंच भावली, रामरूप प्रजापति डायरेक्टर,केशव आलमपुर सहित अन्य कई के सहयोग से 15वी निःशुल्क पदयात्रा जा रही है। करौली से हर वर्ष भर्तृहरि महाराज की निःशुल्क पदयात्रा जाती है। यात्रा का प्रथम दिन नृसिंह मंदिर बांधुआ,द्वितीय द्विवस क्यारदा बालाजी से धौला कुआं,तृतीय दिवस रसीद पुर चौकी से राजकीय विद्यालय भूडा,चतुर्थ दिवस टेटरा रेनी से डाबली मीना स्कूल,पंचम दिवस माला खेडा से माधौगढ़ स्कूल, एवं भर्तृहरि महाराज में यात्री 16 अगस्त को प्रातः महा आरती करने के बाद विशाल भंडारा होगा। यात्रा का जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा एवं शीतल पेय ,अल्पाहार देकर स्वागत किया। इस दौरान लखन लाल ठेकेदार अध्यक्ष मासलपुर,दक्ष प्रजापति विकास संस्थान करौली संयोजक छीतर लाल प्रजापति, गंगाराम प्रजापत सचिव, रामेश्वर प्रजापत अध्यक्ष,भंवर मनाखुर,रमेश प्रजापत,दिनेश प्रजापत, हेमराज गादोली आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सरपंच ओमप्रकाश मीणा गिरफ्तार

**करौली**, (निसं)। सरपंच पद का चुनाव लड़ने के लिए जयपुर में रहने वाले स्वयं के नाम व स्वयं की पत्नी के समान नाम वाले परिवादी की पुत्री को सरकारी सहायता राशि दिलाने के नाम पर ओमप्रकाश साहू के साथ धोखाधड़ी करने वाले आरोपी करौली जिले के रतियापुरा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच ओमप्रकाश मीणा को ज्योति नगर थाना पुलिस जयपुर में गिरफ्तार किया।

जयपुर साउथ के पुलिस डीसीपी ने बताया कि 11 फरवरी 2017 में परिवादी ओम प्रकाश साहू जाति तेली निवासी जीवद थाना बाटोदा तहसील बामनवास जिला सवाई माधोपुर में एसीजेएम न्यायालय जयपुर महानगर प्रथम में इस्तगासा दर्ज कराया था कि एक कृपाल नाम के अज्ञात शख्स ने मुझे व मेरी बेटी कोमल के नाम से कूट रचित जन्म प्रमाण पत्र बनवाया जाकर दुरुपयोग किया गया और जिस इस्तगासा पर मुकदमा दर्ज किया गया।

# चोरों ने जेवरात किए पार

**करौली**, (निसं)। जिला मुख्यालय पर चोरों के कितने हौसले बुलंद हो चुके हैं कि अब वो दिनदहाड़े चोरी करने से नहीं चूक रहे हैं सोमवार को चटीकना मोहल्ला निवासी महेंद्र कुमार शर्मा के मकान से सोने, चांदी के जेवरात को चुरा कर ले गए।



चोरी की वारदात के बाद बिखरा पड़ा सामान।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय पर पुलिस प्रशासन का भारी जमावड़ा होने के उपरांत भी चोर रात को नहीं अब दिनदहाड़े चोरी कर पुलिस प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। सोमवार को चटीकना निवासी महेंद्र कुमार शर्मा के मकान से सोने,चांदी के जब रातों को चुरा कर ले गए जिसकी पीड़ित महेंद्र कुमार ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए रिपोर्ट पेश की है। रिपोर्ट में लिखा है कि दिन के करीब 1:30 बजे बच्चों को टिफिन देने चला गया घर पर वृद्ध माता-पिता व पुत्रवधू मकान की दूसरी मंजिल पर थे चोरों ने मौका पाकर नीचे की मंजिल के एक कमरे में घुस गए और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर सोने, चांदी के जेबरातों को चुरा कर ले गए। उन्होंने रिपोर्ट में बताया कि पुत्रवधू को जैसे ही ताला तोड़ने की आवाज आई नीचे आकर देखा पुत्रवधू को आते देखकर चोर भाग गया और अलमारी को देखा तो उसमें से सोने के कुंडल एक सोने की चैन और चांदी की पायजेब को चुरा कर ले गए। ज्ञात रहे गत महीने इन्हीं के एक पड़ोसी के मकान से भी दिनदहाड़े चोरी कर ले गए जिसका पुलिस प्रशासन आज तक खुलासा नहीं कर पाया है ना ही चोरों को गिरफ्तार कर पाया है और सोमवार को फिर दिनदहाड़े चोरी कर चोर पुलिस प्रशासन को चुनौती दे गया है।

# जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**भरतपुर**, (निसं)। जिला टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से 19 स्पोर्टस मैदान, राधिका विहार पर अंडर 19 जिला स्तरीय बालक वर्ग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला खेल अधिकारी अभिषेक पंवार ने किया।

एसोसिएशन के जिला सचिव राहुल चौधरी ने बताया कि अर्न्तराष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट खिलाडी अर्जुन प्रताप सिह, राष्ट्रीय खिलाडी समीर प्रताप सिंह व पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय खिलाडी रेखा रानी की चयन समिति बनाई गई है। प्रतियोगिता के प्रथम दिन आयोजित सेमीफाइनल मैचों में लक्की स्पोर्टस क्लब, एवं गुरु स्पोर्टस क्लब, तथा होली मदर स्पोर्टस क्लब, भरतपुर, एवं शहीद भगत सिंह स्पोर्टस क्लब, भरतपुर के खिलाडियों के बीच मुकाबला हुआ जिसमें लक्की स्पोर्टस क्लब एवं होली मदर स्पोर्टस क्लब की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता का फाइनल मैच आयोजित किया गयां। जिसमें होली मदर



भरतपर में जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

स्पोर्टस क्लब की टीम विजेता रही। उक्त प्रतियोगिता में खिलाडियों के प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति द्वारा 12 अगस्त को जिले की टीम की धोषणा की जाऐगी। इस अवसर पर एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष बीना जेम्स, पूर्व जिला सचिव, राजेन्द्र कुन्तल, कोषाध्यक्ष विष्णु सिंहं सह-सचिव सचिन सिंह, पंकज कुन्तल, अनुराग शुक्ला, विष्णुसिंह तथा एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं खिलाडी उपस्थित रहें। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाडी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो की रतनगढ (चुरु).में 23 से 25 अगस्त तक आयोजित की जा रही है।

## ज्ञापन दिया

**करौली**, (निसं)। राज. शिक्षक संघ प्रगतिशील जिला शाखा करौली के तत्वाधान में मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव एवं मुख्य सचिव के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में शिक्षक समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई।जिला अध्यक्ष मुकेश सारस्वत एवं जिला महामंत्री पीयूष शर्मा ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी के आव्हान पर समूचे राजस्थान में शिक्षकों की 6 सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को ज्ञापन सौपा गया जिसमें झालावाड़ और जैसलमेर के विद्यालय में घटित हुई दुखद घटना की न्यायोचित जांच कर निर्दोष शिक्षकों के निलंबन की कार्यवाही को प्रत्याहारित करने की मांग की गई साथ ही तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण नीति बनाकर अति शीघ्र स्थानांतरण करने, एनपीएस शिक्षकों की एनपीएस कटौती की राशि अविलंब जारी कर महा दिसंबर 2021 से फरवरी 2022 तक 3 माह की एनपीएस कटौती को शिक्षकों के जीपीएफ खाते में जमा करने, 2007-08 में नियुक्त शिक्षकों की वेतन विसंगति को माननीय न्यायालय के निर्णय अनुसार दूर करने ,समस्त संवर्गों की बकाया डीपीसी अविलंब करने एवं वर्तमान शिक्षा सत्र के विद्यार्थी की पाठ पुस्तक एवं विद्यालय गणवेश की राशि अविलंब जारी करने की मांग की गई।

# भरतपुर में छात्र अभिमुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**भरतपुर**, (निसं)। भरतपुर में सेवर स्थित हरिदत्त डिग्री कॉलेज टैक्नालॉजी पार्क, में नव प्रवेश्रित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन हेतु छात्र अभिमुखीकरण कार्यक्रम - 2025, का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजा, द्वीप प्रज्ज्वलन एवं प्राध्यापक आशेक सिंह द्वारा प्रस्तुत संदर मंगलाचरण के साथ हुआ। कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में श्री हरिदत्त ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के निदेशक डॉ. आलोक शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. संजू शर्मा ने की।




सेवर स्थित हरिदत्त डिठी कॉलेज टैक्नालॉजी पार्क, में नव प्रवेश्रित विद्यार्थियों हेतु छात्र अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्या ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए कॉलेज का संक्षिप्त परिचय एवं डॉ. राज कमल ने निदेशक, समिति सचिव एवं प्राचार्य का संक्षिप्त परिचय नये विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। महाविद्यालय परंपरा के अनुसार प्राचार्या डॉ. संजू शर्मा ने सभी संकाय सदस्यों का परिचय भी विद्यार्थियों से कराया, जिससे विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों को जानने एवं प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला। कार्यक्रम के संरक्षक, निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं लगन के साथ आगे बढ़ना एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

उन्होने बताया कि हरिदत्त ग्रुप ऑफ इंसटीट्ययूशन्स शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली हेतु जाना जाता है। महाविद्यालय में केवल शिक्षा ही नहीं दी जाती अपितु विद्यार्थियों को बहुआयामी विकास के विभिन्न अवसर प्रदान करने हेतु अन्य गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है।

उन्होने कहा कि हमारा प्रयास होता है कि जो भी विद्यार्थी विद्यार्जन हेतु हमारे यहाँ आए वह भविष्य में एक सफल एवं विकसित व्यक्तित्व के रूप में समाज में अपनी पहचान बनाए। उन्होंने विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिसर में मोबाइल का प्रयोग न करने तथा ड्राइव करने पर हैलमेट आवश्यक रूप से पहन कर आने के भी निर्देश दिये।